Hon?ble Speaker made Valedictory Reference on the conclusion of the 13 th Session of 17 th Lok Sabha

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अब हम 17वीं लोक सभा के ऐतिहासिक 13 वें सत्र की समाप्ति की ओर आ गए हैं। इस विशेष सत्र का आरंभ 18 सितम्बर, 2023 को प्रारंभ हुआ था। इस विशेष सत्र में हमने चार बैठकें कीं। यह सदन लगभग 31 घंटे तक चला। 18 सितंबर, 2023 को माननीय प्रधान मंत्री जी ने सदन में संविधान सभा से अब तक की 75 वर्ष की इस संसदीय यात्रा, उपलब्धियां, अनुभव, स्मृतियां और सीख विषय पर एक चर्चा आरंभ की। इस चर्चा में कुल 36 माननीय सदस्यों ने हिस्सा लिया और अपने विचार एवं अनुभव सभा के समक्ष प्रस्तुत किए।

यह चर्चा 6 घंटे 43 मिनट तक चली।

माननीय सदस्यगण, यह सत्र हमारी संसद के इतिहास में एक अत्यंत उल्लेखनीय सत्र के रूप में जाना जाएगा क्योंकि इस सत्र के दौरान हमने संसद के नये भवन में सभा की कार्यवाही आरंभ की।

सत्र के दौरान, एक सरकारी विधेयक ? ?संविधान (एक सौ अट्ठाइसवां संशोधन) विधेयक, 2023? लोक सभा में पुर:स्थापित किया गया। तत्पश्चात सभा ने इस अत्यन्त महत्वपूर्ण विधेयक पर विचार किया।

इस विधेयक पर हुई चर्चा में कुल 60 माननीय सदस्यों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान 32 महिला सदस्यों ने अपने विचार रखे। यह चर्चा 9 घंटे और 57 मिनट तक तक चली।

चर्चा के उपरांत, इस संविधान संशोधन विधेयक को संविधान में निर्दिष्ट प्रावधानों के अनुसार दो-तिहाई से भी अधिक बहुमत से पारित किया गया।

आज दिनांक 21 सितम्बर, 2023 को ?चन्द्रयान-3 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारे देश की अन्य उपलब्धियां?? विषय पर चर्चा हुई, जिसमें कुल 87 माननीय सदस्यों ने हिस्सा लिया और यह चर्चा 12 घंटे 25 मिनट तक चली।

सत्र के दौरान, लोक सभा की विभागों से सम्बद्ध स्थायी समिति का एक प्रतिवेदन सभा में प्रस्तुत किया गया।

दिनांक 20 सितम्बर, 2023 को निदेश 73 (क) के अधीन सभा में एक वक्तव्य दिया गया।

सत्र के दौरान, कुल 120 पत्रों को सभा पटल पर रखा गया।

लोक सभा के इस सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 160 प्रतिशत से भी ज्यादा रही।

माननीय सदस्यगण, मैं सभा की कार्यवाही को पूरा करने में सभापति तालिका में शामिल अपने माननीय साथियों का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करता हूँ।

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी, संसदीय कार्य मंत्री, विभिन्न दलों के नेताओं और माननीय सदस्यों के प्रति भी उनके सहयोग के लिए अत्यधिक आभारी हूँ।

मैं आप सभी को एवं प्रेस और मीडिया के मित्रों को भी धन्यवाद देता हूँ।

इस अवसर पर मैं सभा को प्रदान की गयी समर्पित और त्वरित सेवा के लिए लोक सभा सचिवालय के महासचिव और अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सराहना करता हूँ।

मैं सभा की कार्यवाही के संचालन में सम्बद्ध एजेंसियों को भी उनके द्वारा प्रदान की गई सहायता के लिए धन्यवाद देता हूँ।

माननीय सदस्यगण, अब हम "वन्दे मातरम्" की धुन के लिए खड़े होंगे।

23.43 hrs

NATIONAL SONG

The National Song was played.

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित की जाती है।

23.44 hrs

The Lok Sabha then adjourned sine die.

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 10074/17/23.

* Not recorded.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Not recorded.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Not recorded.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.